न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी—श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
45/2024	4.10.2024	29.8.2025

रोशनदेवी पत्नी धारासिंह, गुर्जर निवासी बाढ भांवता तह0 तलावडा —प्रार्थिया

बनाम

सरकार जरिए तहसीलदार तलावडा —अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू—राज0 अधिनियम

उपस्थित :— श्री तरूण शर्मा, एडवोकेट, प्रार्थिया की ओर से

निर्णय

प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थिया की भूमि हाल ख0न0 201 रकबा 0.08 है0, ख0न0 247/199 रकबा 0.29 है0 ग्राम बाढ भांवता मे स्थित है। जिससे किसी दीगर व्यक्ति का कोई सम्बन्ध नही है। प्रार्थिया द्वारा अपनी भूमि की सुरक्षा बाबत चारो ओर से मिट्टी की डौल मेड बनायी हुई है। बरसात काल मे मिट्टी की डौल मेड टूट जाने पर उसकी मरम्मत करवाने पर आस पास के खातेदारों से सीमाचिन्हो को लेकर विवाद होता रहा है। इसलिए प्रार्थिया को अपनी भूमि की पत्थरगढी कराया जाना आवश्यक है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थिया की भूमि ख0न0 201 रकबा 0.08 है0, ख0न0 247/199 रकबा 0.29 है0 ग्राम बाढ भांवता की पत्थरगढी करवाये जाने के आदेश प्रदान करें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थिया ने नकल जमाबंदी सं0 2073 से 2076 खाता संख्या 70 ग्राम बाढ भांवता, नकल सीमाज्ञान रिपोर्ट बाढ भांवता दिनांक 28.06.2022 प्रस्तुत किए हैं।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया। अप्रार्थी बाबजूद सूचना हाजिर अदालत नही हुए है।

वकील प्रार्थिया को सुना गया।

प्रार्थिया के विद्वान वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। नकल सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 28.06.2022 से स्पष्ट है कि प्रार्थिया को उनकी भूमि ख0न0 201 रकबा 0.08 है0, ख0न0 247/199 रकबा 0.29 है0 ग्राम बाढ भांवता तह0 तलावडा का सीमाज्ञान कराया जा चुका है परन्तु प्रार्थिया को पडौसी काश्तकारों से विवाद बने रहने की संभावना है। ऐसी स्थिति में प्रार्थिया अपनी खातेदारी भूमि ख0न0 201 रकबा 0.08 है0, ख0न0 247/199

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.09.03 11:23:31 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

रकबा 0.29 है0 ग्राम बाढ भांवता तह0 तलावडा की पत्थरगढी कराने की अधिकारी है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थिया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं लैण्ड होल्डर तहसीलदार तलावडा को आदेश दिया जाता है कि वह प्रार्थिया को उनकी खातेदारी भूमि ख0न0 201 रकबा 0.08 है0, ख0न0 247/199 रकबा 0.29 है0 ग्राम बाढ भांवता तह0 तलावडा पर पत्थरगढी करावें। निर्णय की एक प्रति पालना हेतु तहसीलदार लैण्ड होल्डर तलावडा को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 29.8.25 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(बृजेन्द्र मीना)
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट
सत्यमेव जयते
गंगापुर सिटी (राज0)

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.09.03 11:23:31 IST
Reason: SelfAttested